महाविद्यालय स्तरीय परीक्षा

# विषय : गाय धर्म और विज्ञान

## महाविद्यालय स्तर

## सत्र 2025-26

## सेट– C

**प्रश्नों की संख्या : 100** **समय : 2 घंटे**

**अधिकतम अंक : 100**

1. **समुद्र मंथन के समय क्षीरसागर से उत्पन्न होने वाली मातृस्वरूपा गायों की संख्या कितनी थी?**
(अ) तीन (ब) सात (स) पाँच (द) नौ।

2. **समुद्र मंथन से प्राप्त प्रथम रत्न कौन सा था, जिसका वर्णन पुराणों में मिलता है?**
(अ) उच्चैःश्रवा (ब) ऐरावत
(स) कामधेन (द) कौस्तुभ मणि।

3. **'गावो विश्वस्य मातरः' सूक्ति के अनुसार गाय किसकी माता है?**
(अ) केवल मनुष्यों की (ब) केवल देवताओं की
(स) चराचर जगत की (द) केवल भारत की।

4. **गौमाता के शरीर के किस भाग में माता लक्ष्मी का निवास माना गया है?**
(अ) पैरों में (ब) सींगों में
(स) गुह्य भाग (गोबर) में (द) नेत्रों में।

5. **ऋषि वामदेव गौतम के अनुसार, देवताओं के समान पूजनीय वस्तुओं में कौन सम्मिलित है?**
(अ) वायु (ब) स्वर्ण (स) गाय (द) भूमि।

6. **''गौ संपत्ति का भण्डार है'', यह कथन किस वेद से लिया गया है?**
(अ) ऋग्वेद (ब) सामवेद (स) यजुर्वेद (द) अथर्ववेद।

7. **पुराणों के अनुसार, इस विश्व में सर्वप्रथम किनका अवतरण हुआ?**
(अ) वेद, अग्नि और गाय (ब) मनुष्य, पशु और पक्षी
(स) नदी, पर्वत और वन (द) सूर्य, चंद्रमा और तारे।

8. **प्राचीन काल में वंश परिचय का प्रधान निशान 'गोत्र' किस पर आधारित था ?**
(अ) राजाओं के नाम पर
(ब) गौशाला या गोत्रपति के नाम पर
(स) नदियों के नाम पर
(द) नगरों के नाम पर।

9. **महाराज दशरथ ने पुत्र कामेष्ठी यज्ञ के समय ब्राह्मणों को कितनी गौएँ दान की थी?**
(अ) एक लाख (ब) पाँच लाख (स) दस लाख (द) दो लाख।

10. **बाल श्रीराम को नजर लगने की शंका होने पर माताएँ किस वस्तु से उनका तुलादान करती थीं?**
(अ) सोने से (ब) गाय के घी से
(स) अनाज से (द) फलों से।

11. **भगवान श्रीराम ने किनके हित के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में अवतार लिया?**
(अ) केवल मनुष्यों के लिए
(ब) विप्र, धेनु, सुर और सन्त के लिए
(स) केवल देवताओं के लिए
(द) केवल राजाओं के लिए।

12. **गोकुल में गायों की रक्षा हेतु भगवान श्रीकृष्ण ने किस पर्वत को धारण किया?**
(अ) हिमालय (ब) विन्ध्याचल (स) गोवर्धन (द) कैलाश।

13. **यशोदा माता बालकृष्ण के भाल (माथे) पर किसका तिलक लगाती थीं?**
(अ) रोली (ब) सिंदूर (स) चंदन (द) गोरोचन।

14. **भगवान कृष्ण के समय महाराज नन्द के पास कितनी गायें थीं?**
(अ) पाँच लाख (ब) नौ लाख (स) दस लाख (द) एक करोड़।

15. **जबालापुत्र सत्यकाम को गुरु ने कितनी निर्बल गायें सेवा के लिए दी थी?**
(अ) एक सौ (ब) चार सौ (स) पाँच सौ (द) एक हजार।

16. **सत्यकाम जाबाल को ब्रह्म के द्वितीय पाद 'अनन्त' का उपदेश किसने दिया?**
(अ) वृषभ ने (ब) अग्नि ने (स) हंस ने (द) जलमुर्ग ने।

17. **सत्यकाम को ब्रह्म के तृतीय पाद 'ज्योतिष्मान्' का उपदेश किसने दिया?**
(अ) अग्नि ने (ब) हंस ने (स) वृषभ ने (द) जलमुर्ग ने।

18. **राजा दिलीप किस गौमाता की सेवा के लिए वन में छाया की भाँति चलते थे?**
(अ) सुरभि (ब) शबला (स) नन्दिनी (द) बहुला।

19. **अज्ञातवास के दौरान सहदेव राजा विराट के यहाँ किस नाम से निरीक्षक थे?**
(अ) कंक (ब) वल्लभ (स) तन्तिपाल (द) ग्रन्थिक।

20. **च्यवन ऋषि ने मछलियों के बदले राजा नहुष से क्या माँगना उचित समझा?**
(अ) सारा राज्य (ब) सोने की थैली
(स) एक गौ (द) अन्न का भंडार।

21. **सम्राट अशोक के समय दक्षिण भारत के किस राजा ने लाखों गौओं का दान किया था?**
(अ) नहपान (ब) उषवदात (स) चन्द्रगुप्त (द) हर्षवर्धन।

22. **'फतवे हुमायूँनी' के अनुसार क्या गाय की कुर्बानी करना इस्लाम का नियम है?**
(अ) हाँ, यह अनिवार्य है
(ब) नहीं, यह इस्लाम का धर्म नहीं है
(स) केवल त्यौहारों पर
(द) इनमें से कोई नहीं।

23. **प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का चिह्न क्या है?**
(अ) सिंह (ब) हाथी (स) बैल (द) सर्प।

**24. ईसाई धर्म के प्रवर्तक ईसा मसीह का जन्म कहाँ हुआ था?**
(अ) राजमहल में (ब) मन्दिर में
(स) गौशाला में (द) गिरजाघर में

**25. 'यह खालसा पंथ धर्म, गौ, साधु और गरीबों की रक्षा के लिए है', यह किसने कहा था?**
(अ) गुरु नानक देव (ब) गुरु गोविन्द सिंह
(स) गुरु तेगबहादुर (द) गुरु अर्जुन देव।

**26. गौ माता के मुख से कौन से शब्द निश्रित (निकले) हुए हैं?**
(अ) 'ॐ और 'माँ' (ब) राम और कृष्ण
(स) जय और विजय (द) सत्य और अहिंसा।

**27. किस भारतीय प्रधानमंत्री ने बनारस में गौ सेवासंघ गौशाला की स्थापना की?**
(अ) जवाहरलाल नेहरू (ब) लालबहादुर शास्त्री
(स) इंदिरा गांधी (द) अटल बिहारी वाजपेयी।

**28. महर्षि दधिची की अस्थि से इन्द्र का वज्र किसकी कृपा से बना था?**
(अ) ऋषियों की (ब) देवताओं की
(स) गौ माता की (द) वायु देव की।

**29. गायों का विभाजन उनके दूध और बछड़ों के गुणों के आधार पर कितने भागों में किया गया है?**
(अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) पाँच।

**30. अमृत महाल नस्ल के गौवंश का रंग कैसा होता है?**
(अ) सफेद (ब) लाल (स) खाकी (द) काला।

**31. थारपारकर नस्ल की गाय को भारतवर्ष की कैसी गाय माना जाता है?**
(अ) सर्वश्रेष्ठ दुधारू (ब) सबसे फुर्तीली
(स) सबसे क्रोधी (द) इनमें से कोई नहीं।

**32. निर्धनों के गौवंश किस नस्ल को माना जाता है?**
(अ) नागौरी (ब) राठ नस्ल (स) साहिवाल (द) गिर।

**33. छत्तीसगढ़ की किस गाय को राष्ट्रीय स्तर पर 36 वीं नस्ल के रूप में पंजीकृत किया गया है?**
(अ) गिर (ब) साहिवाल (स) कोसली (द) हरियाणा।

**34. कोसली गाय का नाम किस प्राचीन नाम के आधार पर पड़ा है?**
(अ) बस्तर (ब) कौशल (स) रायपुर (द) मगध।

**35. कोसली नस्ल की गाय के दूध में फैट की अधिकतम मात्रा कितनी पाई जाती है?**
(अ) 2 प्रतिशत (ब) 3.5 प्रतिशत
(स) 4.5 प्रतिशत (द) 10 प्रतिशत।

**36. छत्तीसगढ़ की इकलौती रजिस्टर्ड गाय का नाम क्या है?**
(अ) देवनी (ब) कोसली (स) थारपारकर (द) कांकरेज।

**37. भारतीय देशी गाय का वह विशिष्ट लक्षण क्या है जो विदेशी गाय में नहीं होता?**
(अ) ककुद (थूहा) और गल कंबल
(ब) बड़े सींग
(स) काली खाल
(द) लंबी पूँछ।

**38. विदेशी गायों का पूर्वज कौन सा जंगली हिंसक पशु माना जाता है?**
(अ) बाघ (ब) ''यूरास'' (यूरच)
(स) भालू (द) गैण्डा।

**39. देशी गाय कड़ी धूप में कितने घण्टे सुखपूर्वक रह सकती है?**
(अ) 2 घण्टे (ब) 8/10 घण्टे
(स) बिल्कुल नहीं (द) 1 घण्टा।

**40. विदेशी गाय की प्रजनन क्षमता देशी गाय की तुलना में कैसी होती है?**
(अ) बहुत अधिक (ब) बहुत कम (5–6 बार)
(स) समान (द) बहुत लंबी।

**41. वेदों में गाय के लिए किस शब्द का प्रयोग हुआ है जिसका अर्थ है 'जिसका वध न हो' ?**
(अ) अग्रजा (ब) दुहिता (स) अध्न्या (द) गौमें।

**42. महात्मा गाँधी जी ने भैंस पालन से होने वाली किस हानि की ओर लोगों का ध्यान दिलाया था?**
(अ) केवल आर्थिक हानि
(ब) गौ वंश तथा कृषि का नुकसान
(स) केवल पानी की कमी
(द) इनमें से कोई नहीं।

**43. भैंस का दूध पचने में कैसा होता है?**
(अ) बहुत हल्का (ब) भारी
(स) मध्यम (द) इनमें से कोई नहीं।

**44. किस चीनी यात्री ने लिखा है कि भारत में पानी माँगने पर दूध दिया जाता है?**
(अ) मार्को पोलो (ब) वास्कोडिगामा
(स) फाह्यान और ह्वेनसांग (द) इनमें से कोई नहीं।

**45. गाय के दूध में कौन–सा विटामिन हड्डियों को मजबूत करने के लिए पाया जाता है?**
(अ) विटामिन ए (ब) विटामिन सी
(स) विटामिन डी (द) विटामिन के।

**46. काली गाय का दूध किस दोष का नाश करने वाला और अधिक गुणवान होता है?**
(अ) वातनाशक (ब) पित्तनाशक
(स) कफनाशक (द) इनमें से कोई नहीं।

**47. गौघृत को वेदों में किस रूप में वर्णित किया गया है?**
(अ) ''आयुर्वैघृतम्'' (ब) अमृत द्रव्य
(स) स्वर्ण रस (द) महाऔषधि।

**48. दोपहर में पिया हुआ गाय का दूध कैसा होता है?**
(अ) बलवर्धक और कफ–पित्तनाशक
(ब) निद्राकारक
(स) केवल प्यास बुझाने वाला
(द) नुकसानदेह।

**49. आयुर्वेद के अनुसार देशी गाय के गौ–मूत्र में कितने रासायनिक तत्व पाए जाते हैं?**
(अ) 10 (ब) 16 (स) 24 (द) 50.

**50. गौ मूत्र में विद्यमान 'ताँबा' (कॉपर) शरीर में क्या कार्य करता है?**
(अ) रक्त बढ़ाता है
(ब) अनुचित मेद (चर्चा) को बनने से रोकता है
(स) प्यास बुझाता है
(द) नींद बढ़ाता है।

**51. वैज्ञानिकों के अनुसार गौ मूत्र का अर्क किस घातक बीमारी की दवाओं की क्षमता बढ़ाता है?**
(अ) कैंसर (ब) सर्दी (स) बुखार (द) सिरदर्द।

**52. गौ मूत्र अर्क का कौन–सा तत्व कीटाणु नाशक होता है?**
(अ) जल (ब) यूरिया (स) फॉस्फेट (द) पोटैशियम।

**53. 'लक्ष्मीश्च गोमये नित्यं' का अर्थ है कि गोबर में किसका स्थायी निवास रहता है?**
(अ) सरस्वती का (ब) पार्वती का
(स) लक्ष्मी का (द) गंगा का।

**54. गोबर की राख का मंजन करने से कौन सा रोग ठीक हो जाता है?**
(अ) पायरिया (ब) पीलिया (स) बुखार (द) खाँसी।

**55. गोबर खाद के प्रयोग से भूमि की कौन सी क्षमता बढ़ती है?**
(अ) केवल ताप (ब) जल संचयन क्षमता
(स) केवल वजन (द) इनमें से कोई नहीं।

**56. रासायनिक उर्वरकों की तुलना में जैविक खाद (गोबर) के प्रयोग से फसल कैसी होती है?**
(अ) जहरीली (ब) निरोगी और अच्छी
(स) बेस्वाद (द) हानिकारक।

**57. स्वर्णप्राशन में बच्चे को घी और शहद के साथ क्या चटाया जाता है?**
(अ) चाँदी (ब) ताँबा (स) लोहा (द) सोना।

**58. स्वर्णप्राशन किस आयु तक के बच्चों को दिया जा सकता है?**
(अ) केवल 5 वर्ष तक (ब) 0 से 16 वर्ष तक
(स) केवल वयस्कों को (द) इनमें से कोई नहीं।

**59. स्वर्णप्राशन किस विशेष नक्षत्र में देना सर्वोत्तम माना गया है?**
(अ) रोहिणी (ब) पुष्य (स) अश्विनी (द) मघा।

**60. नियमित स्वर्णप्राशन से बच्चे की कौन सी शक्ति बढ़ती है?**
(अ) बुद्धि और स्मरण शक्ति (ब) केवल सुनने की शक्ति
(स) केवल देखने की शक्ति (द) केवल सोने की शक्ति।

**61. यज्ञ अनष्ठान से पूर्व यजमान को देहशुद्धि हेतु किसका विधान बताया गया है?**
(अ) केवल जल का (ब) केवल दूध का
(स) पंचगव्य प्राशन का (द) केवल फल का।

**62. पंचगव्य में गाय से प्राप्त कितने पदार्थ होते हैं?**
(अ) तीन (ब) चार (स) पाँच (द) सात।

**63. गौमाता के गौमूत्र में किस पवित्र नदी का वास माना गया है?**
(अ) यमुना (ब) सरस्वती (स) गंगा (द) नर्मदा।

**64. गौशाला प्रबंधन का मुख्य उत्तरदायित्व क्या है?**
(अ) केवल दूध बेचना
(ब) पोषण, स्वच्छता और सुरक्षा की जिम्मेदारी
(स) केवल समारोह आयोजित करना
(द) इनमें से कोई नहीं।

**65. गौमाता की सेवा करना हमारा क्या है?**
(अ) केवल मनोरंजन
(ब) पवित्र कर्तव्य और जिम्मेदारी
(स) केवल आर्थिक लाभ का साधन
(द) इनमें से कोई नहीं।

**66. गौसेवा का समर्थन करने के लिए हमें किन उत्पादों का उपयोग करना चाहिए?**
(अ) केवल प्लास्टिक उत्पादों का (ब) गौमाता के उत्पादों का
(स) रासायनिक उर्वरकों का (द) इनमें से कोई नहीं।

**67. भविष्य की रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक कितने अरब लोग शहरी क्षेत्रों में रहेंगे?**
(अ) 2 अरब (ब) 4 अरब (स) 6 अरब (द) 10 अरब।

**68. छत पर बागवानी करने से घर के तापमान पर क्या प्रभाव पड़ता है?**
(अ) घर गर्म होता है
(ब) घर ठंडा रखने में मदद मिलती है
(स) कोई प्रभाव नहीं पड़ता
(द) तापमान बढ़ जाता है।

**69. छत पर बागवानी के लिए मिट्टी तैयार करते समय उसमें क्या मिलाना चाहिए?**
(अ) केवल रेत (ब) गोबर खाद
(स) रासायनिक खाद (द) प्लास्टिक के टुकड़े।

**70. छत पर उगाई गई सब्जियाँ कैसी होती हैं?**
(अ) पोषक तत्वों से भरपूर और ताजी
(ब) जहरीली
(स) बेस्वाद
(द) हानिकारक।

**71. गौ–आधारित कृषि में रासायनिक खादों के स्थान पर किसका प्रयोग होता है?**
(अ) औद्योगिक रसायन
(ब) देशी गाय का गोबर और गोमूत्र
(स) प्लास्टिक अपशिष्ट
(द) इनमें से कोई नहीं।

**72. देशी गाय के एक ग्राम गोबर में लगभग कितने सूक्ष्मजीवाणु होते हैं?**
(अ) 10 लाख (ब) 50 लाख
(स) 300 से 500 करोड (द) 1 करोड़।

**73. जीवामृत तैयार करने के लिए मुख्य घटक क्या है?**
(अ) पेट्रोल
(ब) देशी गाय का गोबर और मूत्र
(स) समुद्री जल
(द) औद्योगिक अपशिष्ट।

**74. रासायनिक खेती की तुलना में गौ–आधारित खेती में कितने प्रतिशत पानी की बचत होती है?**
(अ) 10 प्रतिशत (ब) 20 प्रतिशत
(स) 70 प्रतिशत (द) शून्य प्रतिशत।

**75. भूमि की उर्वरा शक्ति किस पर निर्भर करती है?**
(अ) कंकड़ पत्थर पर (ब) ऑर्गेनिक कार्बन पर
(स) प्लास्टिक कचरे पर (द) इनमें से कोई नहीं।

**76. जैविक खाद मिट्टी को कैसा बनाये रखती है?**
(अ) कठोर (ब) भुरभूरी (वायु संचार युक्त)
(स) पत्थर जैसी (द) इनमें से कोई नहीं।

**77. रासायनिक खाद के निरंतर उपयोग से जमीन कैसी हो जाती है?**
(अ) बहुत उपजाऊ (ब) पूर्णत: बंजर व अनुपजाऊ
(स) नरम (द) इनमें से कोई नहीं।

**78. समाधि खाद बनाने के लिए मृत गाय को किसके साथ समाधिस्थ किया जाता है?**
(अ) केवल मिट्टी (ब) समुद्री नमक और गोबर
(स) रसायनों (द) लोहे के बुरादे।

**79. स्वतः मृत गाय को अपने ही खेत में समाधिस्थ करना कैसा कार्य है?**
(अ) हानिकारक (ब) अत्यंत पुण्यकर
(स) बेकार (द) इनमें से कोई नहीं।

**80. घनजीवामृत को कितने समय तक संरक्षित रखकर प्रयोग किया जा सकता है?**
(अ) 1 महीना (ब) 3 महीना (स) 6 माह (द) 1 वर्ष।

**81. किस जीव को 'किसानों का मित्र' कहा जाता है?**
(अ) चूहा (ब) सांप (स) केंचुआ (द) छिपकली।

**82. वैज्ञानिकों के अनुसार एक घन मिट्टी में कम–से–कम कितने केंचुए होने चाहिए?**
(अ) 2 केंचुए (ब) 7 केंचुए (स) 100 केंचुए (द) शून्य।

**83. पंचगव्य चिकित्सा में किस प्रकार की गाय का उपयोग होना चाहिए?**
(अ) विदेशी गाय (ब) देशी नस्ल की स्वस्थ गाय
(स) जर्सी गाय (द) बीमार गाय।

**84. गाय के गोबर का रस निकालकर पीने से किस रोग में लाभ होता है?**
(अ) जहर खाने या साँप काटने पर
(ब) सिरदर्द
(स) पैर दर्द
(द) इनमें से कोई नहीं।

**85. कान बहने पर किस वस्तु को कान में डालने से लाभ होता है?**
(अ) ठंडा पानी (ब) गरम गौ मूत्र
(स) तेल (द) दूध।

**86. गाय का पुराना घी छाती पर मलने से बच्चों का कौन सा रोग ठीक होता है?**
**(अ) बुखार (ब) कफ जमा होना**
**(स) सिरदर्द (द) इनमें से कोई नहीं।**

**87. गौपालन से समाज में किस प्रकार की समृद्धि आती है?**
(अ) केवल धनबल
(ब) आर्थिक, शारीरिक और मानसिक समृद्धि
(स) केवल युद्ध शक्ति
(द) इनमें से कोई नहीं।

**88. गाय के पंचगव्य से कितनी बीमारियों का इलाज संभव बताया गया है?**
(अ) केवल 5 (ब) सौ से भी अधिक
(स) केवल 10 (द) इनमें से कोई नहीं।

**89. छत्तीसगढ़ राज्य में कैंसर के बढ़ते मामलों का एक मुख्य कारण क्या माना गया है?**
(अ) अधिक फल खाना
(ब) रासायनिक खाद और कीटनाशकों का अंधाधुंध उपयोग
(स) अधिक व्यायाम
(द) इनमें से कोई नहीं।

**90. फलों को पकाने और सेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए किस प्रतिबंधित केमिकल का उपयोग हो रहा है?**
(अ) जल (ब) डीडीटी और इथरेल
(स) नमक (द) चीनी।

**91. ग्लोबल वार्मिंग रोकने में गाय की क्या भूमिका है?**
(अ) यह गर्मी बढ़ाती है
(ब) गौ–आधारित प्रथाएँ कार्बन फुटप्रिंट कम करती हैं
(स) कोई भूमिका नहीं है
(द) यह प्रदूषण बढ़ाती है।

**92. भूजल स्तर की गिरावट को रोकने में कौन सहायक है?**
(अ) कांक्रीट की सड़कें
(ब) केंचुओं की सक्रियता और जैविक खेती
(स) गहरे ट्यूबवेल
(द) इनमें से कोई नहीं

**93. संयुक्त राष्ट्र के कितने सतत् विकास लक्ष्यों की पूर्ति हेतु गौ–संस्कृति आवश्यक है?**
(अ) 5 (ब) 10 (स) 17 (द) 28.

**94. गो–संस्कृति को आत्मसात् करने से कैसा भारत बनेगा?**
(अ) कर्ज युक्त (ब) रोग मुक्त और सम्पन्न
(स) कमजोर (द) प्रदूषित।

**95. गौमाता के दूध से शारीरिक और मानसिक विकास कैसा होता है?**
(अ) बहुत कम (ब) अद्‌भुत और सर्वश्रेष्ठ
(स) कोई विकास नहीं होता (द) हानिकारक।

**96. गौमाता हमारी संस्कृति का क्या है?**
(अ) बोझ (ब) आधार
(स) दुश्मन (द) इनमें से कोई नहीं।

**97. देशी गाय का दूध पीने से किस गुण की वृद्धि होती है?**
(अ) तमोगुण (ब) रजोगुण
(स) सतोगुण (द) कोई गुण नहीं।

**98. गाय के घी के जलने से कौन–सी गैस उत्पन्न होती है जो वातावरण को रोगाणु मुक्त करती है?**
(अ) जहरीली गैस (ब) फार्मेलिन गैस
(स) धुआँ (द) इनमें से कोई नहीं।

**99. गाय का दूध गर्म करने पर भी उसके कौन से तत्व विद्यमान रहते हैं?**
(अ) जहर (ब) पोषक तत्व
(स) कीटाणु (द) इनमें से कोई नहीं।

**100. 'गवामृतम्' का क्या अर्थ है?**
(अ) गाय का गोबर (ब) गाय का दूध ही अमृत है
(स) गाय का चारा (द) इनमें से कोई नहीं।

●●